# वार्षिक प्रशासनिक विवरणिका

# 2021-2022

H.P. EX-SERVICEMEN CORPORATION

सुरक्षा, सेवा और विश्वास

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम

हमीरपुर-177001 (हि०प्र०)

# हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम
# हमीरपुर - 177001

# 41वीं वार्षिक प्रशासनिक विवरणिका

## (विषय सूची)


| क्र. सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निगम की रूप रेखा | 02 |
| 2. | निदेशक मण्डल के सदस्यों की सूची | 03 |
| 3. | निगम के अधिकारी | 04 |
| 4. | निगम की गतिविधियां एवं कार्यशीलता का वार्षिक विवरण | 05-10 |
| 5. | लेखा परीक्षा रिपोर्ट 2021-2022 | 11-32 |

# निगम की रूपरेखा

सेना से सामान्यता 35 से 50 वर्ष की आयु समाप्त होने पर सैनिकों को सेवानिवृत कर दिया जाता है। सेवानिवृति के उपरान्त उनकी आय का साधन केवल पेंशन ही होती है। सीमित पेंशन से परिवार एवं बच्चों की शिक्षा एवं पालन–पोषण का अत्यधिक भार वहन करना बड़ा मुश्किल होता है। अतः पूर्व सैनिक पुनः किसी नौकरी या व्यवसाय को चुनने का प्रयास करते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण में पीछे नहीं रही है। उनके आर्थिक उत्थान के लिए हि०प्र० सरकार ने हि०प्र० पूर्व सैनिक निगम की स्थापना वर्ष 1979 में की थी। तब से आज तक निगम ने बेरोजगार पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास हेतु कई प्रकार की स्वरोजगार योजनाओं एवं सुरक्षा एजैंसी के माध्यम से उपयुक्त सहायता प्रदान की है। हि०प्र० सरकार के लिए यह गौरव का विषय है कि पंजाब प्रदेश के तुरन्त बाद यह भारत वर्ष का दूसरा राज्य है जिसने अपने प्रदेश में इस प्रकार के निगम की स्थापना की है।

निगम का मुख्य कार्यालय हमीरपुर शहर में स्थित है। यह शहर प्रदेश के मध्य स्थित है तथा प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिक इसका पूरा–पूरा लाभ उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों को उपलब्ध करवाई जाने वाली आर्थिक सहायता तथा उन्हें निगम की गतिविधियों से अवगत करवाने के लिए विभिन्न समाचार पत्रों और स्मारिकाओं के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किये जाते हैं ताकि पूर्व सैनिकों को निगम की विभिन्न गतिविधियों/स्कीमों की जानकारी उपलब्ध होती रहे । इस तरह हि0प्र0 पूर्व सैनिक निगम प्रदेश के पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के कल्याण, रोजगार उपलब्ध करवाने तथा उनके जीवन को उन्नत बनाने की दिशा में अग्रसर है।

# हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम हमीरपुर -177001

## निदेशक मण्डल के सदस्यों की सूची

| क्रं. सं. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा (से.नि.) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |
| 2. | ब्रिगेडियर एल.सी. जसवाल (से.नि.) | सदस्य |
| 3. | कर्नल दुनी सिंह जम्बाल (से.नि.) | सदस्य |
| 4. | एक्स सूबेदार सुखदेव सिंह मसंद | सदस्य |
| 5. | सचिव (वित्त) हि.प्र. सरकार | सदस्य |
| 6. | सचिव (एस. डब्ल्यू) हि.प्र. सरकार | सदस्य |
| 7. | सचिव (कृषि) हि.प्र. सरकार | सदस्य |
| 8. | निदेशक (उद्योग) हि.प्र. सरकार | सदस्य |
| 9. | वरिष्ठ कानून अधिकारी हि.प्र. सरकार | सदस्य |
| 10. | सचिव हि.प्र. पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर | सदस्य सचिव |

# हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम
# हमीरपुर –177001

## निगम के अधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा (से.नि.) | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |
| 2. | श्री हितेष लखनपाल (हि०पु०से०) | सचिव |
| 3. | श्री प्यारे लाल (एच०पी०एफ०ए०एस०) | उप नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा) |
| 4. | श्री हरीश कुमार (एच०पी०एफ०ए०एस०) | सहायक नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा) |
| 5. | एक्स सूबेदार मेजर एण्ड ओ0ले0 हंस राज चम्बयाल | सहायक सुरक्षा अधिकारी |

# निगम की गतिविधियां एवं कार्यशीलता का वार्षिक विवरण

## 1. परिचय

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम की स्थापना हि.प्र. सरकार द्वारा वर्ष 1979 में हि.प्र. पूर्व सैनिक निगम, अधिनियम, 1979 (As Amended Act, 2013) के अन्तर्गत हुई थी। निगम का मुख्य उद्देश्य राज्य के पूर्व सैनिकों का कल्याण और आर्थिक उत्थान करना है।

## 2. सुरक्षा व अन्य सेवाऐं उपलब्ध करवाना

(क) हिमाचल प्रदेश सरकार ने हि०प्र० पूर्व सैनिक निगम (हिमपैस्को) को सुरक्षा सेवाओं व अन्य सेवाओं में पूर्व सैनिकों को आउटसोर्स के आधार पर विभिन्न विभागों, बोर्डों, संस्थाओं एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार के उपक्रमों में सुरक्षा व अन्य सेवाओं हेतु प्रायोजित (Sponsor) करने के लिए पत्र संख्या : एस०डब्लयू०डी०–बी० 7–2/2016 दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के अन्तर्गत नोडल एजैंसी (Nodal Agency) घोषित किया है। इसके अतिरिक्त निदेशालय रक्षा पुर्नवास, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से सुरक्षा एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए 07 सितम्बर, 2022 से 06 सितम्बर, 2027 तक की अवधि के लिए Empanelment Certificate संख्या : 2828 दिनांक 07 सितम्बर, 2022 के अन्तर्गत प्राप्त किया है ।

(ख) निगम सुरक्षा गार्ड, आर्म्ड गार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर, डाटा एंट्री आपरेटर, ड्राईवर, पी०एस०ओ० वायरलेस आपरेटर, हेल्पर, चौकीदार इत्यादि की सेवायें आउटसोर्स आधार पर विभिन्न विभागों, बोर्डों, संस्थाओं एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार के उपक्रमों को प्रदान कर रहा है। वर्तमान में निगम ने आउटसोर्स आधार पर 2009 पूर्व सैनिकों को विभिन्न विभागों, बोर्डों, संस्थाओं, केन्द्रीय/राज्य सरकार के उपक्रमों में सुरक्षा रक्षकों के पद पर रोजगार उपलब्ध करवाया है।

(ग) पूर्व सैनिकों को सुरक्षा एवं अन्य सेवायें प्रदान करने की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शी एवं सरलीकरण (Transparent & Simplification) बनाए रखने हेतु SOP बनाई गई है। अब पूर्व सैनिकों को सुरक्षा एवं अन्ये सेवायें पर नियुक्त करने के लिए Discharge Book में वर्णित Service Profile के आधार पर Waiting List Project Wise बनाई जाती है, जहां के लिए पूर्व सैनिक ने आवेदन किया है।

## 3. सीमेंट/क्लींकर की ढुलाई का कार्य

(क) निगम ने ए.सी.सी. सीमेंट फैक्टरी बरमाणा में उनके कुल उत्पाद का 40 प्रतिशत सीमेंट उत्तरी भारत के विभिन्न स्थानों में पहुंचाने का कार्य ले रखा है। इस कार्य में पूर्व सैनिकों के 1409 ट्रक कार्यरत हैं।

(ख) निगम को अम्बूजा सीमेंट लि0 दाड़लाघाट में क्लींकर की ढुलाई का 7.5 प्रतिशत हिस्सा आबंटित हुआ है। इस कार्य में पूर्व सैनिकों के 227 ट्रक कार्यरत हैं।

(ग) निगम को अल्ट्राटैक सीमेंट प्लांट बागा में भी सीमेंट/क्लींकर की ढुलाई का 5 प्रतिशत हिस्सा आबंटित हुआ है। इस कार्य में पूर्व सैनिकों के 126 ट्रक कार्यरत हैं। उपरोक्त सीमेंट फैक्टरियों में ट्रक अटैच करने के लिए इच्छुक पूर्व सैनिक और पूर्व सैनिकों की विधवायें प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में मुख्यालय हमीरपुर में वेटिंग लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

(घ) इस निगम के निदेशक मण्डल की 120वीं और 121वीं बैठक के अन्तर्गत निर्णय लिया गया है कि भविष्य में केवल वही पूर्व सैनिक व उनकी विधवायें आवेदन कर सकते हैं जो रक्षा सेवा से 05 वर्ष की अवधि के अन्दर सेवानिवृत (Dischage) हुआ हो । जो भी पूर्व सैनिक व उनकी विधवाएं 01 जनवरी 2023 या इसके बाद में सीमेंट/क्लींकर की ढुलाई के कार्य के लिए आवेदन करेंगे उनके ट्रक चलाने की अधिकतम आयु 60 वर्ष या 15 वर्ष जो भी बाद में होगी की अवधि तक ट्रक चला सकेंगे।

## 4. स्वरोजगार योजनाओं के लिए ऋण

(क) निगम पूर्व सैनिकों को स्वरोजगार योजनाओं के अन्तर्गत राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाता है। प्रार्थी को परियोजनाओं की राशि का 75 प्रतिशत धन ऋण के रूप में बैंक द्वारा प्रदान किया जाता है। निगम 10 प्रतिशत सूक्ष्म ऋण के रूप में प्रदान करता है, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रूपये है और शेष 15 प्रतिशत प्रार्थी को स्वयं व्यय करना होता है। निगम सूक्ष्म ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज लेता है तथा बैंक ऋण पर 2.5 प्रतिशत ब्याज सहायकी प्रदान करता है। निगम ने 31–03–2022 तक 3521 मामलों में 59,68,54,177/– रूपये का ऋण बैंकों के माध्यम से तथा 1,440 मामलों में 04,04,83,079/– रूपये का सूक्ष्म ऋण प्रदान किया है। निगम ने बैंक ऋण के मामलों में अब तक 1,84,76,161/– रूपये की ब्याज सहायकी प्रदान की है।

(ख) हिमाचल ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा मट्टन सिद्ध जिला हमीरपुर में दिनांक 25 नवम्बर, 22 को पूर्व सैनिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें उन्होंने हि.प्र. के पूर्व सैनिकों को FDR पर अन्य बैकों की अपेक्षा अधिक ब्याज दिए जाने बारे तथा पूर्व सैनिकों द्वारा किसी भी व्यवसाय को करने के लिए हिमाचल ग्रामीण बैकों के माध्यम से ऋण लेने पर कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाने बारे अवगत करवाया गया ।

## 5. पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों के बच्चों को SSB की कोचिंग प्रदान करना।

निगम ने पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों के बच्चों को SSB की कोचिंग अधिकृत अकादमी के माध्यम से देने की व्यवस्था की है। जिसके अन्तर्गत एन.डी.ए., आई.एम.ए., ओ.टी.ए., ए.सी.सी., एस.एल., 10+2 (टैक्नीकल) कैडेट एन्ट्री व महिला सर्विस एन्ट्री के लिए कोचिंग दी जाती है।

कोचिंग में प्रवेश केवल उन्हीं उम्मीदवारों को दिया जाता है जिन्होंने लिखित परीक्षा पास कर ली हो तथा एस.एस.बी. साक्षात्कार का इन्तजार कर रहे हों। इस कोचिंग की टयूशन फीस निगम अपने आय के स्त्रोतों से अकादमी को भुगतान करता है। अब तक 62 अभ्यर्थी कोचिंग का लाभ ले चुके हैं।

## 6. पूर्व सैनिकों के बच्चों को Engineering and Medical कोर्स में प्रवेश के लिए क्रैश कोर्स करवाना

निगम सेवानिवृत पूर्व सैनिकों (सिपाही से लेकर हवलदार रैंक तक) जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, के बच्चों को Engineering & Medical में प्रवेश के लिए अधिकृत अकादमी के माध्यम से क्रैश कोर्स प्रदान करता है। इस योजना के अन्तर्गत सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों के बच्चों की टयूशन फीस की राशि निगम अपने आय के स्त्रोतों से भुगतान करता है। इस कोर्स के लिए अभ्यर्थी के 10+1 (Physics, Chemistry, Maths & Biology) में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक होना अनिवार्य है। अब तक 22 अभ्यर्थी क्रैश कोर्स का लाभ ले चुके हैं ।

## 7. सैनिक कल्याण विभाग के Sainik Rest Houses, ECHS and Paraplegic Rehabilitation Centre को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना।

हि.प्र. पूर्व सैनिक निगम ने सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित Sainik Rest Houses के Repair & Maintenance के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है। इसके अतिरिक्त हि.प्र. में स्थापित ECHS के Hospitals को भी विभिन्न गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है । उपरोक्त के अतिरिक्त Paraplegic Rehabilitation Centre, Mohali में रह रहे सेना में हुए विक्लांग पूर्व सैनिकों को जरूरी सामान खरीदने के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

## 6. निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग

निगम में 31–03–2022 को कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारी वर्ग का विवरण इस प्रकार से है :–

### मुख्यालय, हमीरपुर

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक | 1 |
| 2. | सचिव एवं मुख्य लेखा अधिकारी | 1 |
| 3. | उप नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा) | 1 |
| 4. | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 1 |
| 5. | अधीक्षक ग्रेड–II | 1 |
| 6. | वरिष्ठ सहायक | 2 |
| 7. | कनिष्ठ सहायक | 3 |
| 8. | लेखाकार | 1 |
| 9. | स्टैनो टाइपिस्ट | 1 |
| 10. | लिपिक | 11 |
| 11. | चालक | 2 |
| 12. | सेवादार / हैल्पर / बेलदार / चौकीदार | 5 |
| 13. | सफाई कर्मचारी | 2 |

## शिविर कार्यालय, बरमाणा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा) | 1 |
| 2. | वरिष्ठ सहायक | 3 |
| 3. | लेखाकार | 1 |
| 4. | कनिष्ठ सहायक/लिपिक | 2 |
| 5. | सेवादार/चौकीदार/बेलदार | 2 |

## शिविर कार्यालय, बागा स्थित बरमाणा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ सहायक | 2 |
| 2. | लिपिक | 1 |

## शिविर कार्यालय, दाड़लाघाट

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ सहायक | 1 |
| 2. | कनिष्ठ सहायक/लिपिक | 2 |
| 3. | सेवादार | 1 |

### 7. निगम की पूंजी (Capital):-

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के अधिनियम, 1979 (संशोधित अधिनियम, 2013) की धारा 5 के अन्तर्गत निगम की अधिकृत पूंजी सीमा 5 करोड़ रूपये निर्धारित की गई है।

**8. सरकार से प्राप्त निधि :-** वित्तीय वर्ष 2021–2022 में निगम को सरकार से कोई भी पूंजी प्राप्त नहीं हुई है ।

## 9. निगम की दिनांक 01-04-2021 से 31-03-2022 तक की आय और व्यय का विवरण :-

(i) **आय :-**

| क्रम संख्या | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा सेवाओं से प्राप्तियां | 60,85,23,708–00 |
| 2. | सर्विस चार्जस | 1,66,55,268–00 |
| 3. | सीमेन्ट भाड़े से प्राप्तियां | 1,43,35,83,335–00 |
| 4. | सावधि जमा और बचत खातों पर ब्याज से आय | 3,27,27,246–00 |
| 5. | सुक्ष्म ऋण और कर्मचारियों को दिया गया ऋण पर ब्याज से आय | 93,944–00 |
| 6. | विविध आय | 5,01,755–00 |
| 7. | प्रधानमन्त्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (PMRPY) | 2,24,209–00 |
| 8. | ग्रेच्युटि फंड पर ब्याज | 7,02,240–00 |
| | **जोड़** | **2,09,30,11,705-00** |

(ii) **व्यय :-**

| क्रम संख्या | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा सेवाओं पर व्यय | 55,06,54,028–00 |
| 2. | मुख्यालय हमीरपुर में प्रशासनिक व्यय | 2,04,91,637–00 |
| 3. | शिविर कार्यालय बरमाणा पर व्यय | 54,73,518–00 |
| 4. | शिविर कार्यालय दाड़लाघाट पर व्यय | 20,44,744–00 |
| 5. | शिविर कार्यालय बागा पर व्यय | 15,02,798–00 |
| 6. | सीमेन्ट भाड़े पर व्यय (अदायगी) | 1,43,38,43,470–00 |
| | **जोड़** | **2,01,40,10,195-00** |

(iii) **मूल्य ह्रास/गिरावट** (Depreciation) 8,21,969-00

(iv) **शुद्ध लाभ :-**

**निगम को वित्तीय वर्ष 2021-2022 में 7,81,79,541-00 रूपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है।**